हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 गुरु पूर्णिमा पर गायत्री मंदिर में हुआ विशेष आयोजन...



13 सड़क दुघर्टना रोकने पशुओं में रेडियम पट्टी लगाने





# अधीक्षक बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान दें

## बाहरी व्यक्ति व रिश्तेदारों के छात्रावास परिसर में प्रवेश पर प्रतिबन्ध के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को नोडल व अधीक्षकों की बैठक लेकर आश्रम-छात्रावास में व्यवस्था एवं बच्चों की शिक्षा की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावास में बच्चों की देखभाल संवेदनशीलतापूर्वक और एक अभिभावक की तरह सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने ली आश्रम - छात्रावास के नोडल व अधीक्षकों की बैठक

कलेक्टर ने आश्रम छात्रावास के बच्चों का विगत वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। उन्होंने 10वीं व 12वीं में जिन छात्रावास में शत-प्रतिशत परिणाम थे, उनके अधीक्षकों की सराहना करते हुए शेष अधीक्षकों को उनसे प्रेरणा लेने कहा। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में सभी आश्रम- छात्रावास के बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाने अभी से जरुरी कार्य योजना बनाने कहा।

उन्होंने कहा कि अधीक्षक बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान दें। बच्चों के व्यवहार परिवर्तन, तनाव, अवसाद को समझकर उचित मार्गदर्शन दें।

बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज दास मानिकपुरी सहित मण्डल संयोजक, नोडल अधीक्षक व अधीक्षक उपस्थित थे।



### बुनियादी जरूरतों को दुरुस्त रखने में दिये निर्देश

कलेक्टर नें छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता, विश्राम कक्ष, रसोई एवं बाथरूम, पानी, बिजली जैसे बुनियादी जरूरतों को दुरुस्त रखने में निर्देश दिये। उन्होंने जिन छात्रावासों को मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी शीघ्र मरम्मत कराने, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधीक्षक अपने मुख्यालय में ही निवास करें, किसी भी रिश्तेदार या दोस्त को न आने दें। बैठक में छात्रावास भवनों की लघु मरम्मत, खाद्यान्न की उपलब्धता, कर्मचारी सेट अप, सामग्री मांग एवं रख-रखाव, मानदेय भुगतान आदि की समीक्षा की।

## खबर संक्षेप



### यातायात पुलिस ने 127 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

**बलौदाबाजार**। जिला यातायात पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में 9 जुलाई को यातायात पुलिस ने दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 27 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 8100 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 43 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 21,500 समन शुल्क वसूल किया गया है। इसके साथ ही नो-पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6000 समन शुल्क वसूला गया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 127 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 64,200 समन शुल्क वसूल किया गया।नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन हेतु सख़्ती से लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

### बिजली कटौती और दाम में बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने उठाये सवाल

**बलौदाबाजार**। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से बढ़ोत्तरी कर दी। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे तथा गैर घरेलू बिजली में 25 पैसे की, कृषि पंप में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी किया है। इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी किया था। यह जनता पर अत्याचार है। अभी तक सरकार ने डेढ़ साल में 19.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिये है। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। पिछले डेढ़ साल से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। पहले स्मार्ट मीटर लगा कर बिजली बिल में अनाप-शनाप बढ़ा गया है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं ▶▶ शेष पेज 13 पर



## तकनीकी गड़बड़ी : आम लोगों को लगाने पड़ रहे कार्यालय के चक्कर

# पंजीयक कार्यालय का सर्वर ठप रजिस्ट्री प्रक्रिया पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के पंजीयक कार्यालय में सर्वर की तकनीकी खराबी के चलते जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कार्यालय में 10 जुलाई से एनजीडीआरएस सिस्टम में 'मायडिड' सिस्टम की शुरुआत की गई है। यह नेशनल जनरल डॉक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम के तहत काम करता है। नए सिस्टम में आ रही तकनीकी खराबी के कारण न तो नए दस्तावेजों की एंट्री हो पा रही है और न ही पुराने दस्तावेजों के अपॉइंटमेंट बुक हो पा रहे हैं। इससे लोगों को कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

ग्रामीण रूपेश वर्मा ने बताया कि वे तीन दिन से रजिस्ट्री कराने आ रहे हैं, लेकिन काम नहीं हो पा रहा है। साहब बोल रहें की सिस्टम में बदलाव हुआ है, इसलिए समय लग रहा है सर्वर की समस्या है। तेजराम वर्मा भी दो दिन से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। साहब ने कहा है सर्वर की समस्या है धीरे-धीरे सुचारू रूप से चालू होगा।

लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन को पहले से ही पता था कि सिस्टम में बदलाव होने वाला है, तो उन्हें पहले ही सूचित कर दिया जाना चाहिए था। अब लोगों की उम्मीद है कि जल्द ही सिस्टम सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देगा और उनका काम हो सकेगा।

### सिस्टम में बदलाव से आ रही तकनीकी समस्या





### जल्द ही सिस्टम में होगा सुधार

एनआईसी से इस समस्या के समाधान के लिए बातचीत की गई है। जल्द ही सिस्टम सामान्य हो जाएगा। सिस्टम को अपग्रेड करने के दौरान यह समस्या अस्थायी है और जल्द ही ठीक कर ली जाएगी। उप पंजीयक ने लोगों से धैर्य रखने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि जिन लोगों का काम रुका हुआ है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।

**-विपुल श्रीवास्तव**, उप पंजीयक

# मुरुम तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ बढ़ायी जाएगी जनसुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के प्रमुख मुरुम तालाब का सौन्दर्यीकरण के साथ ही वहां पर अनेक जनसुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। ठेले व गुमटी संचालन को व्यवस्थित करने यहां फ़ूड वेंडिंग जोन बनाये जायेंगे। इसके साथ ही बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया व गार्डन भी विकसित किये जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने शनिवार क़ो मुरुम तालाब का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान तालाब के साउंड्रीकर, जनसुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर - एसपी व नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया जायजा

चौपाटी एवं तालाब परिसर के अंदर सुरक्षा एवं शरारती तत्वों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये। इसी तरह शहर में ऑटो पार्किंग एवं वेंडिंग जोन निर्धारित करने, तालाब के चारों ओर लाइटिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले,पार्षदगण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, सीएमओ आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी मौजूद थे।

### ठेले व गुमटी संचालन के लिए फ़ूड वेंडिंग जोन बनाये जायेंगे

बताया गया कि पूर्व में यहां चौपाटी विकसित करने लगभग 12 दुकान का निर्माण किया गया है। दुकान संचालन हेतु नीलामी भी हो गई है। आवंटित दुकानदारों को शीघ्र संचालन हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही रोड किनारे के दुकानों क़ो भी इसी परिसर में संचालित करने प्रेरित किया जा रहा है। चौपाटी में गार्डन विकसित किया जाएगा। कॉर्नर में सेल्फी जोन बनाने क़ी भी योजना है। तालाब के चारो ओर लगभग डेढ़ किलोमीटर का पाथ वे बनाया गया है जिसमें सुबह शाम वाकिंग किया जा सकता है। वर्तमान में तालाब में सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें घास क़ी सफाई व प्लास्टिक वेस्ट का संग्रहण व छोटे मरम्मत कार्य भी किये जा रहे है। वर्ष 2022- 23 में मुरुम तालाब में 44.46 लाख का लैंड स्केपिंग कार्य कराया गया है।

# मंत्री टंकराम ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में विकास कार्यों को पूर्ण किये जाने वार्ड 01, 18 एवं 19 में विभिन्न निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा भूमि पूजन किया गया। नपा अध्यक्ष अशोक जैन सहित पुष्पराज वर्मा, जितेंद्र महले, सभापति प्रिया शशिभूषण शुक्ला, पार्षद अंजनी गोविंद पात्रे एवं कन्हैया सेन सहित जितेंद्र डड़सेना की उपस्थिति रही। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में विकास के कार्य किये जा रहें है, वार्ड 1 में टीनशेड 5 लाख, वार्ड क्रमांक 18 में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख एवं वार्ड 19 स्थित कबीर कुटिया आश्रम में 10 लाख से टिन शेड निर्माण एवं अध्यक्ष निधि से बोर खनन एवम निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किये जाने पूजा अर्चना की गई। भूमि पूजन अमितेष ▶▶ शेष पेज 13 पर

## रायपुर-गेवरा रोड लोकल 16 से फिर चलेगी

**भाटापारा**। पिछले लगभग 2 वर्षों से केंसल चल रही रायपुर गेवरा रोड मेमू लोकल 16 जुलाई से पुनः पटरी पर दौड़ने लगेगी। इसके अलावा बिलासपुर जोन की विभिन्न 13 लोकल ट्रेनों को भी पुनः चलाया जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे दैनिक रेल यात्रियों में हर्ष व्याप्त है। उक्त मेमू डेमू लोकल ट्रेनों का पुनः परिचालन प्रारंभ किए जाने की घोषणा का मंडल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने स्वागत किया है तथा रेल अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है। पुनः प्रारंभ होने वाली ट्रेनों में 68745/68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू लोकल ट्रेन भी शामिल है। उक्त लोकल ट्रेन का रायपुर जाने ▶▶ शेष पेज 13 पर

- 13 लोकल ट्रेनों का होगा पुनः परिचालन

# राजसात वाहनों की नीलामी से 20 लाख राजस्व की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी में लदावा वाहनों, आबकारी एक्ट एवं पशु क्रूरता अधिनियम के मामलों में जब्त वाहनों का न्यायालय द्वारा आदेश होने उपरांत शासन के पक्ष में राजसात करने हेतु आदेशित किया गया था, जिसके लिए उक्त राजसात वाहनों एवं लदावा वाहनों की नीलामी प्रक्रिया आयोजित किया जाना था। राजसात एवं लदावा वाहनों की नीलामी के लिए विधिवत विज्ञापन जारी किया गया।

- समस्त बोलीदार 7 दिवस में जमा करेंगे रकम

राजसात किए गए एवं सभी लदावा वाहनों को आम लोगों के देखने के लिए रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार परिसर में रखा गया था। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमजनों के लिए दोपहिया वाहन हेतु 2000 एवं चार पहिया वाहन हेतु 5000 का डिमांड ड्राफ्ट की अनिवार्यता रखी गई थी। इसमें 380 प्रतिभागियों द्वारा बोली लगाई गई। संपूर्ण प्रक्रिया में लोगों द्वारा कुल 19,84,700 रकम की बोली लगाई गई। नीलामी में सबसे बड़ी बोली के रूप में रायल स्टील ट्रक पर 1,90,000 की बोली एवं दूसरे नंबर पर ट्रैक्टर पर 1,55,000 की बोली लगाई गई। नीलामी प्रक्रिया प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 05.30 बजे तक चली।

नीलामी प्रक्रिया पश्चात मौके पर ही वाहनों का समस्त कागजी कार्यवाही पूर्ण की जा रही थी। इस प्रकार जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में सफलतापूर्वक नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें नीलामी राशि के रूप में कुल 19,84,700 की राशि राजस्व राशि के रूप में शासन के खाते में प्राप्त होगी।







हरिभूमि पाठक सूचना
भाटापारा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
आयुष न्यूज एजेंसी
पता : जयस्तंभ चौक-भाटापारा
संजीव तिवारी (संवाददाता)
98271-66722
99262-91392

# राजीव भवन निर्माण के लिए किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय गार्डन चौक स्थित निर्माणधीन राजीव भवन के निर्माण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में छ.ग. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंग गेंदू, जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी अशोक राज आहूजा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बलौदाबाजार में निर्माणधीन राजीव भवन के निर्माण कार्य को आरंभ करने हेतु छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा राजीव भवन का स्थल निरीक्षण किया। निर्माण कार्य हेतु स्थानीय जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राजीव भवन के निर्माण किए जाने हेतु कांग्रेसजनों से सहयोग की अपील की गई साथ ही निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने हेतु जन सहयोग लेने का आह्वान किया गया।



बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल, दिनेश यदु, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण रूपेश सिंह ठाकुर, भुवनेश्वर वर्मा, दयाराम वर्मा, संतोष यादव, सुनिल कुर्रे, परमेश्वर यदु, विमल साहू, मानस पांडेय, अनिल साहू, सूर्यकांत वर्मा, अजय ठाकुर, आर्यन शुक्ला, महेंद्र सुरतांगे, लखेश साहू, सुनील साहू, योगेश बंजारे प्रवीण सेन, राहुल नेगी, कमलेश्वर यदु, शैलेंद्र ध्रुव हेमंत वर्मा, नीलकमल आजाद, रिंकु वर्मा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने घायल जवानों का जाना कुशलक्षेम

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को श्री नारायणा हॉस्पिटल पहुंचकर सीआरपीएफ के घायल जवान मंटू नाथ निवासी असम राज्य और राजवीर सिंह निवासी गुजरात राज्य का कुशलक्षेम जाना। ये जवान 8 जुलाई को नक्सलियों द्वारा बीजापुर में किए गए आईडी विस्फोट में घायल हो गए थे। राज्यपाल ने घायल जवानों से चर्चा की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने जवानों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके समुचित उपचार के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने उनके इलाज में किसी भी प्रकार की आवश्यकता की स्थिति में सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

### पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण नगरमाता बिन्नी के नाम करने की मांग



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 10 अमलीडीह में आज सोनकर समाज के प्रतिनिधियों ने जोन कमिश्नर से मुलाक़ात कर पचपेड़ी नाका चौक के नामकरण को लेकर की गई आपत्तियों को निरस्त करने की मांग की। साथ ही सोनकर गौरव नगर माता बिन्नी चौक एवं शहीद आकाश राव गिरिपुंजे चौक के नाम से नए नामकरण किए जाने का अनुरोध ज्ञापन सौंपकर किया। सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सोनकर ने कहा, छत्तीसगढ़ की अस्मिता और हमारे गौरव से कोई भी छेड़छाड़ करेगा, तो हम उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। समाज की ऐतिहासिक विरासत और योगदान को सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम में सोनकर छात्रावास सचिव गज्जू सोनकर, वरिष्ठ समाजसेवी जयराज सोनकर, वार्ड 61 की छाया पार्षद ब्रह्मा सोनकर, छ.ग. सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ओंकार सोनकर, अमलेश्वर पालिका पार्षद व प्रकोष्ठ सचिव खुबीराज सोनकर, पार्षद भेजलाल सोनकर, युवा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी संजय सोनकर, अभिनव सोनकर, छवि सोनकर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नियोक्ता-कर्मचारी पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना शुरू

**रायपुर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शिमला हिमाचल प्रदेश में आयोजित 196वीं ईएसआई निगम की बैठक के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना एसपीआरईई-2025 को मंजूरी दे दी है। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम और रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने की। एसपीआरईई 2025 कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अनुमोदित नियोक्ता और कर्मचारियो के पजीकरण को बढ़ावा देने की योजना 2025, ईएसआई अधिनयम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है।

### म्यूल अकाउंट के आरोप में जेल में बंद आरोपियों के परिजन पुरंदर से मिले

रायपुर। ठगी के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में जेल में बंद आरोपियों के परिजन शुक्रवार को विधायक पुरंदर मिश्रा से मिलने पहुंचे। परिजनों का कहना है कि जालसाजों ने उनके बच्चों को झांसे में लेकर अकाउंट खुलवाकर अपने पास रख कर ठगी के लिए इस्तेमाल किया। इसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। अपराध दर्ज होने के बाद जिनके नाम से अकाउंट था, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है, जिनकी अब तक जमानत नहीं हो पाई है। पेशे से अधिवक्ता भगवानू नायक के अनुसार पुरंदर मिश्रा से मिलने वालों में वे लोग हैं, जो बेहद गरीब तथा अशिक्षित वर्ग के लोग हैं।

# मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा अमानक, कंपनी को नोटिस, मांगी निर्माण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिर्गी का झटका एवं न्यूरो संबंधी समस्या के लिए उपयोग किए जाने वाले फेनीटोइन इंजेक्शन के अमानक मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा दिल्ली की कंपनी को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे क्वालिटी कंट्रोल सहित निर्माण संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। संबंधित बैच के इंजेक्शन को जांच के लिए तीसरे लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कंपनी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों एक शासकीय अस्पताल में इस इंजेक्शन से संबंधित शिकायत मिली थी। इस आधार पर दवा कार्पोरेशन द्वारा संबंधित बैच के उपयोग पर रोक लगाई गई थी।

## संबंधित बैच के नमूने जांच के लिए भेजे गए, रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई




### टेस्ट किट, आईवी ड्रिप सेट, सर्जिकल ब्लेड की जांच भी

अफसरों ने बताया कि प्रेगनेंसी टेस्ट किट, आईवी ड्रिप सेट और सर्जिकल ब्लेड जैसी कुछ सामग्रियों को लेकर प्राप्त शिकायतों पर सीजीएमएससीएल ने त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। इन प्रकरणों में संबंधित उत्पादों के प्रयोग पर रोक, जांच दल के गठन, निर्माता फर्मों को नोटिस जारी करने, तथा आवश्यकता अनुसार स्टॉक की वापसी और प्रतिस्थापन की कार्रवाई की गई है। दवा कार्पोरेशन जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के अंतर्गत दोषी आपूर्तिकर्ताओं पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई करता रहा है।

मामले में इंजेक्शन का निर्माण करने वाली दिल्ली की कंपनी को नोटिस जारी कर निर्माण से संबंधित विभिन्न दस्तावेज मांगे गए हैं। सीजीएमएससी के अफसरों का तर्क है कि संबंधित बैच के इंजेक्शन को एनबीएल की मान्यता प्राप्त तीसरे लैब में जांच के लिए भेजा गया है। वहां रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने पर संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्टेड, अनुबंध समाप्ति जैसी कार्रवाई की जाएगी। दवा निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर राज्यभर में बेचे गए स्टॉक की जांच की जा रही है, हालांकि दूसरे स्थान से शिकायत नहीं मिली है। सीजीएमएससी की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि यह जीवन रक्षक औषधि है। प्राप्त शिकायत के आधार पर पूरी गंभीरता बरती जा रही है।

### शौचालय एवं बाउंड्रीवाल स्वीकृति प्रदान करने की मांग

# नवापारा में बनेगा सामुदायिक भवन मंत्री ने की 10 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



ग्राम नवापारा में शहीद मिथलेश कुमार साहू के पुण्यतिथि में मंत्री टंकराम वर्मा शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद मिथलेश कुमार साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके परिवार जनों का सम्मान एवं नगर वासियों व नन्हें छात्र-छात्राओं से शुभ अवसर पर भेंट किए संबोधन के दौरान शहीद मिथलेश साहू के प्रतिमा के लिए अधिकारी कर्मचारी को एस्टीमेट जल्द से जल्द देने कहा एवं शाहिद मिथलेश साहू के नाम से सामुदायिक भवन की घोषणा 10 लाख की एवं हथबंद महामाया के लिए 5 लाख की घोषणा, हथबंद प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति के अध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद द्वारा टंकराम वर्मा मंत्री राजस्व एवं खेल आपदा प्रबंधन छ.ग. शासन धान उपार्जन केन्द्र हथबंद में अहाता निर्माण कराने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या हथबंद में उपार्जन केंद्र में किसानों को धान विक्रय करने आने वाले कृषकों के लिए बरसात धूप एवं गर्मी से बचने के लिए किसान कुटीर एवं शौचालय का न होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण समिति में मवेशियों एवं बाहरी व्यक्ति के द्वारा चोरी एवं नुकसान पहुंचाया जाता हैं जिसके लिए बाउंड्रीवाल समिति के उपार्जन केंद्र में अति आवश्यक हैं। मंत्री से निवेदन किए कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या हथबंद में उपार्जन केन्द्र हथबंद में किसान कुटीर, शौचालय एवं बाउंड्रीवाल स्वीकृति प्रदान करने की मांग किए।

## किसान संगोष्ठी में कृषि कार्य से जुड़े सभी पहलुओं के गिनाये लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

आत्मा योजनांतर्गत कृषक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत सुनसुनिया में किया गया। इसमें कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि अधिकारी बलौदाबाजार लोकनाथ दीवान द्वारा कृषि विभाग की सभी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया एवं जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग से संतोष साहू ने विभाग की योजनाओ के बारे में जानकारी दी। पशुपालन विभाग से डॉ. संतोष पुरैना ने पशुपालन संबंधी जानकारी दी। फसल बीमा के संबंध में राजेश गुप्ता जिला प्रबंधक एचडीएफसी अर्गो ने बताया। देवीदयाल यादव ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का जीवंत प्रदर्शन कर कृषकों को उससे लाभ बताये। शांता देवी यदु, अमित बार्वे, सरपंच रोशनी मांझी, उपसरपंच सनत कुमार केवट की उपस्थिति में डीएमएफ योजना अंतर्गत ग्राम चांगोरी एवं सुनसुनिया के 20 कृषकों को स्प्रेयर एवं एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजना अंतर्गत 30 कृषकों को अरहर मिनीकिट का वितरण किया। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी, एएस कनेरिया, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सोमेश्वर लहरे, भूपेंद्र टंडन, विनोद नवरंग सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री मंदिर में हुआ विशेष आयोजन, शिक्षकों को किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरु पूर्णिमा पर शहर के लवन रोड स्थित गायत्री मंदिर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विशेष आयोजन कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व कल्याण के लिए आहुतियां डाली गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पुरोहित फिरत व मोतीलाल ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम सभी के जीवन में गुरु का विशेष स्थान होता है। इन्हीं के जरिए व्यक्ति को जीवन जीने की कला और लक्ष्यों को पूरा करने का मार्गदर्शन मिलता है। यही नहीं गुरु ही सदैव हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। इसलिए उनके प्रति प्रेम, लगाव और सम्मान व्यक्त करने के लिए आज का दिन यानी गुरु पूर्णिमा का पर्व बेहद खास है। कार्यक्रम में उपस्थिति सभी सेवानिवृत एवं कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक खेमन साहू, रामेश्वर प्रसाद साहू और नारायण प्रसाद साहू को सम्मानित किया गया। वही कार्यरत शिक्षिकाओं में निर्मला वर्मा, चंद्रकांता साहू, हीरा साहू और डी. एस. वर्मा को सम्मानित किया गया।

## गुमा में मौसमी बीमारियों पर जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स, सीएसआर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पहल के अंतर्गत कार्यक्रम नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के मार्गदर्शन में हुआ। मौसमी बीमारियों पर जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में क्षेत्र के 115 से अधिक ग्रामीणों की मौसमी बीमारियों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। डॉ. श्री राम और डॉ. मंजरी ने सर्दी, खांसी, डेंगू, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों से बचाव एवं प्राथमिक उपचार के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

ग्राम गुमा की सरपंच चंद्रकांता साहू की गरिमामयी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सीएसआर विभाग प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं संजय पांडे, सीएसआर टीम से सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी, सुनीता निषाद आदि उपस्थित थे।




# एकलव्य विद्यालय में पौधारोपण और सफाई अभियान चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण एवं सफाई अभियान चलाया गया। एसडीएम आरआर दुबे सहित अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों ने पौधारोपण किया। इसके साथ ही स्कूल परिसर की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया।

एसडीएम दुबे ने स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के कक्षा में उनसे संवाद किया और पढ़ाई की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा किये। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अपना पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाने तथा लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की समजाईश दी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा सोनाखान में एकलव्य आवासीय विद्यालय संचालित है। यहां अनुसूचित जनजाति के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाती है।

### शुद्ध हवा के लिए पौधे लगाना आवश्यक

पलारी। भाजपा मंडल ने एक पेड़ मां के नाम पर दतान स्कूल में पौधा रोपण किया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा के नेतृत्व में सिसम, नीम, आंवला, नीबू, कटहल, गुरमोहर, सीताफल, आम जैसे फल और छायादायी पौधों का रोपण किया। मुख्यातिथि योगेश चन्द्राकर थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम पर हम सभी को लगाना है। पेड़ ही शुद्ध वायु ऑक्सीजन फल फूल एवं मिट्टी को भी उनके पत्तों से जब सड़ गल जाते हैं तो खाद के रूप में काम करता है। हम सब ने देखा है कि कैसे हमारे अपने कोरोना काल के ऑक्सीजन की कमी से अपनी जान गवाई है। हम सब मिलकर प्रतिज्ञा करे कि अपने जीवन काल में कम से कम 5 पेड़ लगाए तो आगामी समय में पेड़ों की कमी नहीं होगी एवं शुद्ध हवा फल फूल हमे और हमारे आने वाली पीढ़ी को मिलेगी।



**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने के निर्देश**

# डीएमएफ राशि का योजनाबद्ध उपयोग हो : सांसद बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ मद की राशि का उपयोग जिले में व्यवस्थित, पारदर्शी और जनहितकारी योजनाओं के लिए सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा, वर्तमान में डीएमएफ फंड में लगभग 22 करोड़ रुपए उपलब्ध हैं, तथा करीब 20 करोड़ रुपए और मिलने की संभावना है, ऐसे में इस राशि के उपयोग की सटीक कार्ययोजना बनाकर जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा, 50 आंगनबाड़ियों के निर्माण और उन्नयन के लिए 11 करोड़ 59 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। आंगनबाड़ियों का प्री-फैब तकनीकी से निर्माण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक आंगनबाड़ी के लिए 10 हजार रुपए अतिरिक्त सहायता देने का भी निर्णय लिया गया। सभी सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 250 हिंदी एवं 70 अंग्रेजी माध्यम के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की आवश्यकता जताई गई। एक एकड़ से बड़े स्कूल परिसरों में बारबेड वायरिंग व जाली, प्रार्थना शेड, शौचालय निर्माण एवं पौधारोपण अनिवार्य किया जाए।जन औषधि केंद्रों की स्थापना हर ब्लॉक, पीएचसी व हमर अस्पतालों में सुनिश्चित की जाए। शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाएं बढ़ाने हेतु अलग से फंड आबंटित करने पर चर्चा हुई। पेयजल समस्या निवारण, स्कूल, कॉलेज व स्वास्थ्य केंद्रों का ऑडिट कर आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के डेटा आधारित समन्वय के लिए एक कमांड सेंटर की स्थापना पर जोर दिया गया। सीएसआर फंड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्री अग्रवाल ने कहा, कंपनियों द्वारा किए जा रहे सीएसआर कार्यों का लेखा-जोखा तैयार किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कंपनियों को सीएसआर की आधी राशि सरकारी मद में जमा कराने एवं शेष राशि का उपयोग अपने स्तर पर कार्यों में करने की अनुमति दी जाए। सभी कंपनियों को अपने कार्यों की विस्तृत सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## रायपुरा के लोगों ने विधायक मूणत के जन चौपाल में गिनाई क्षेत्र की समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हमेशा अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों को नई सुविधा देने और विकास कार्यों के लिए पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत को जाना-जाता है। शुक्रवार को उन्होंने रायपुरा के माधवराव सप्रे वार्ड में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।


उन्होंने स्पष्ट किया कि जन चौपाल केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी का मंच है, जहां जन प्रतिनिधि सीधे जनता से जुड़कर समाधान सुनिश्चित करने की मुहिम का हिस्सा बन रहे हैं। रायपुरा में लगाए गए जन चौपाल में दिनभर लोगों की भीड़ रही। जहां पेयजल, बिजली, सड़क, पेंशन, सफाई, नाली, राशन और आधार कार्ड से जुड़ी समस्याएं गिनाई। विधायक ने लोगों से चर्चा के बाद अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के लिए निर्देश दिया।

इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने प्रस्तुत किया। बताया कि माधवराव सप्रे वार्ड में 65.96 लाख के विकास कार्य पूर्ण हुए। 339.50 लाख के काम प्रगति पर हैं। 292.13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन 22 मई को किया गया है। इस बीच लोगों ने वार्डों में जारी अवैध प्लाटिंग को बड़ी समस्या बताई।

## आबकारी अधिकारियों का निलंबन, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता से लागू कर रही है। इसी क्रम में राज्य शासन ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अधिकारियों को निलंबित किया है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।यह कार्रवाई पूर्ववर्ती शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपये के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां अर्जित की थीं। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

## खबर संक्षेप




### गुरु पूर्णिमा पर्व पर आचार्यों सम्मान हुआ

**खरोरा**। वेदव्यास जयंती एवं गुरुपूर्णिमा पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुनिता अनिल सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि वल्लभ लाहोटी अध्यक्ष, प्रकाश सिंह ठाकुर, मयंक बैस, डॉ. अजय कुल श्रेष्ठ, अनिल सोनी तथा प्राचार्य अश्वनी पाटकर उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महिमा पर आधारित गीत, कविता और भजन प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथियों ने गुरु पूर्णिमा की परंपरा, महत्व और गुरु-शिष्य के शाश्वत संबंध पर प्रकाश डाला।

### आईटीआई में प्रवेश लिए आवेदन 18 तक

**बलौदाबाजार**। शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार एवं पलारी में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 एवं 2025-27 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर 13 से 18 जुलाई तक कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रवेश से संबंधित अन्य जानकारी के लिए भी उक्त वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### शिक्षक की बाइक चोरी

**महासमुंद**। ग्राम धनापाली में एक शिक्षक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को विजय कुमार चौहान (41 वर्ष) निवासी ग्राम हरदी जिला सारंगढ बिलाईगढ़ ने बताया कि 7 जुलाई को दोपहर करीबन 2-3 बजे के मध्य अपने मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 06 जीडी 2571 से ससुराल ग्राम धनापाली में कृषि कार्य हेतु अपने खेत गया और खंभा तालाब के पास के आम पेड के नीचे बाइक को खड़ी किया था।

### देशी प्लेन शराब जब्त

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने मुक्तिधाम के पीछे गार्डन के पास कर्रापारा से एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी आरोपी ओम प्रकाश सलूजा पिता गुलाकी राम सलूजा (68 वर्ष) वार्ड नं 08 कर्रापारा बागबाहरा थाना बागबाहरा के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3.600 लीटर कीमत 1800 रुपए और बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया।

## पेज 11 के शेष

### रायपुर-गेवरा रोड ...

के लिए भाटापारा स्टेशन पर प्रात 9.50 बजे का समय निर्धारित है। वहीं वापसी में यह ट्रेन दोपहर 1.50 बजे रायपुर से रवाना होकर दोपहर 3 बजे भाटापारा पहुंचने का समय निर्धारित है। उक्त ट्रेन के लंबे समय से बंद होने से दैनिक रेल यात्रियों, मध्यम श्रेणी सहित छोटे स्टेशनों से सफर करने वाले यात्रियों की तकलीफों को ध्यान में रखते हुए रायपुर रेल संभाग के डी आर यू सी सी सदस्य राजेश शर्मा ने इस वर्ष 28 फरवरी को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में समिति के सदस्यों की हुई बैठक के दौरान उक्त जनहित के विषय को प्रमुखता से उठाया था।

### मंत्री टंकराम ने...

नेताम, रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, मनोज कांत पुरैना, सुरेश घृतलहरे, शेखर गुप्ता, आदित्य गुप्ता, शेख सलमान, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, रवि फेकर, नरेश केशरवानी, आलोक अग्रवाल, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला, वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता योगेश अग्रवाल, धीरज बाजपेई, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव आदि की उपस्थिति रही।

### बिजली कटौती और ...

को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में डेढ़ साल में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है।

# स्वास्थ्य सेमिनार में विशेषज्ञों ने जटिल बीमारियों से बचाव के बताये उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत स्थित तहसील साहू संघ भवन के सभागार में सिद्धेश्वर रक्तदान समिति के संयोजन में स्वास्थ्य सेमिनार एवं चिकित्सक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें डॉ. केजुराम साहू, डॉ. टीसी हलधर, डॉ. आरआर जाल, डॉ. डीडी बरतामसी, डॉ. पुषराम साहू, डॉ. टीआर साहू, डॉ. उमाशंकर कनौजे, रक्तवीर भूपेंद्र कुमार साहू व रितेश सेन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामकुमार साहू थे। अध्यक्षता डॉ. गोवर्धन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमन मित्तल, डॉ. यामिनी शुक्ला, डॉ. अंबर गर्ग व डॉ. जसवंत जैन रहे।

### कैंसर के संभावित लक्षण, निदान एवं सुरक्षा के उपाय पर विस्तृत चर्चा हुई



#### स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है

इस अवसर पर सिद्धेश्वर रक्तदान समिति द्वारा अंचल के बहुत ही अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान अतिथियों ने शाल श्रीफल भेंट कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों को सेवा, समर्पण और पुरी जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए। इस कार्य को अपना परम धरम करम समझना चाहिए। स्वास्थ्य सेमिनार के तहत विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमन मित्तल ने कैंसर के संभावित लक्षण, निदान एवं सुरक्षा के उपाय पर विस्तृत चर्चा किया। रेडिएशन स्पेशलिस्ट डॉ. यामिनी शुक्ला ने कैंसर के निदान पर रेडिएशन थैरेपी के बारे बताया, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अम्बर गर्ग ने रक्त रोग के परीक्षण एवं बीमारी के कारण पर प्रकाश डाला। कैंसर सर्जन विशेषज्ञ डॉ. जशवंत जैन ने सर्जरी की आवश्यकता, उसकी जटिलता एवं कॉस्मेटिक सर्जरी की सुलभता पर विस्तार से बताया। इसके अलावा जिज्ञासुओं से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनका शंका समाधान किया गया।

इस अवसर पर समिति के सदस्य कृपाराम साहू, हमेंद्र साहू, हेमंत साहू, कौशल कुमार यादव, पंचराम कैवर्त्य, चिंताराम बंजारे, गुरुचरण साहू, बिसंभर साहू, पोषण रजक, टिकेश्वर साहू, गोवर्धन धीवर, रामेश्वर वर्मा, शिवलाल कनौजे, हरिचंद साहू, फुलसिंग साहू, कौशल चंद्राकर, परमानन्द साहू, नन्द साहू, यू. आर.पांडेय, रमाकांत मिश्रा, ओ.पी. धुरंधर, टेकराम साहू, प्रीतम साहू, राजेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, सुरेश साहू, मनहरण साहू, सूर्यकान्त साहू, एस.के.शुक्ला, खिलेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, सेवक वर्मा, रूपेश वर्मा व अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अभियान : दो दिन में 458 पशुओं में लगाए गए रेडियम पट्टी व बेल्ट

# सड़क दुघर्टना रोकने पशुओं में रेडियम पट्टी लगाने अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर बैठे घुमन्तु पशुओं से होने वाले दुघर्टना को रोकने हेतु रेडियम बेल्ट एवं रेडियम पट्टी लगाने अभियान चलाया जा रहा है। विगत दो दिनों में विभाग द्वारा 458 पशुओं में रेडियम पट्टी व रेडियम बेल्ट लगाया गया है।

सड़क दुर्घटना रोकने हेतु अभियान के तहत विभाग द्वारा समस्त मैदानी अमले को रेडियम बेल्ट एवं रेडियम पट्टी उपलब्ध कराया गया है। पशुओं क्रो रेडियम पट्टी लगाने का फोटोग्राफ्स सहित





दैनिक रिपोर्टिंग जिला कार्यालय को उपब्लध कराने निर्देश दिए गए है। सड़क पर बैठे पशु रात में ठीक से नजर नही आते है जिससे पशुओं के साथ ही वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार होते है। विगत दो दिनों में विभाग द्वारा लगभग 458 पशुओं में रेडियम पट्टी व रेडियम बेल्ट लगाया गया है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह ने स्वयं सेवी संस्थानों, नगरीय निकाय, जनपद तथा ग्राम स्तर पर लोगों से इस कार्य में सहयोग करने एवं समस्त पशुपालकों से अपने पशुओं को सडको पर ना छोडने की अपील की है।

# शिवा की संपत्तियों की कुर्की के लिए आदेश पारित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवा

छत्तीसगढ़ के सबसे हाईप्रोफाइल मामले रायकोना के महाठग शिवा साहू द्वारा 8 महीने में पैसे डबल का खेल खेला गया। इसमें महाठग ने रकम दुगने करने के नाम पर अपने झांसे में



लेकर ग्रामीण क्षेत्र के हजारों निवेशकों से करोड़ों की ठगी कर अकूत संपत्ति बना ली थी। इस मामले में विशेष न्यायाधीश रायगढ़ ने अवैध रूप से संचालित शिवा विथ जरनी नामक वित्तीय संस्थान के मार्फत किए गए करोड़ों की ठगी के विरुद्ध धारा 7 (2) छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत एक निर्णायक आदेश पारित किया है। न्यायालय ने आरोपीगण की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क कर उनकी नीलामी की विधिक स्वीकृति प्रदान की है।

### कुर्क संपत्तियों की सूची एवं विवरण

न्यायालय ने टीकाराम साहू, उसकी पत्नी चन्द्रकला साहू एवं रीतू साहू के नाम से पंजीकृत विस्तृत चल एवं अचल सम्पत्तियों को नीलामी हेतु चिन्हित करते हुए आदेश पारित किया। इनमें लग्जरी वाहन बीएम डब्लू, महेंद्रा थार, मिनी बस, जेसीबी, ट्रैक्टर्स आदि। जमीन/प्लॉट में रायकोना, डुरुमगढ़, मनपसरा, सोहागपुर, टाटा, छिरचुंआ, सरसींवा इत्यादि क्षेत्रों की दर्जनों भूमि संपत्तियां शामिल हैं।

# छात्राओं ने मनाया सावन उत्सव

**खरोरा**। शहर के रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्राओं ने पहली बार सावन उत्सव मनाकर दूसरों की सीख दी। विद्यालय में नामांकित छात्राओं ने हरे रंग के परिधान में अद्भुत छटा बिखेरी। हरी भरी धरती के महत्व पर सभी शिक्षक, शिक्षिका और छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किए। साथ ही सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में विद्यालय में पढ़ने वाली नर्सरी से लेकर आठवीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल के



संस्थापक व प्रधानाध्यापक राघवेंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं का जुड़ाव विद्यालय से और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं, स्कूल की छात्र एवं छात्राएं विद्यालय में बहुत ही सहज महसूस करती हैं। उन्होंने बताया कि रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा ने अपने सुदृढ़ शैक्षिक वातावरण, नवाचारी शिक्षा, अनुशासन, उच्चतम स्तर की स्वच्छता, समयबद्धता और छात्रोपस्थिति के लिए शहर में एक अलग पहचान कायम की है। पिछले के वर्षों से यहां की छात्रोपस्थिति प्रत्येक शैक्षिक दिवसों पर न्यूनतम 75 प्रतिशत या इससे अधिक रहा करती है। कार्यक्रम में शिक्षक शिवानी दीवान, ममता भारद्वाज, रोशनी सारथी, फातिमा खान, जैनब भारद्वाज, जागृति वर्मा, निशा बंजारे,ने उपस्थिति दी साथ ही कार्यक्रम मे मिथलेश देवांगन, भूमिका गिलहरे, प्रियंका गिलहरे, आज्ञा शर्मा, देवेश नेताम, पुलकित साहू, आराध्या साहू, योगराज पाल, भूमिका देवांगन, नव्या साहू, यश कुमार साहू, अंश टंडन, रुचिका देवांगन, मनीष भंडारी, हर्षिता वर्मा, नव्या पांडे सहित 40 छात्राओं ने भाग लिया।

# गांजा की खरीदी-बिक्री करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-लवन रोड स्थित लक्की परिसर स्थित अमेजन कार्यालय में एक सील बंद कार्टून संदिग्ध अवस्था में रखे होने की सूचना पुलिस को 13 को प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई की गई, जिसमें अमेजॉन ऑफिस में एक सील बंद कार्टून मिला, जिसमें शीप टू लिखा होकर प्राप्तकर्ता का पता दर्ज था। कार्टून के अंदर दो सील बंद पैकेट मिले जिन्हें खोलकर देखने पर गांजा जैसा मादक पदार्थ होना पाया गया। प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ गांजा होने की पुष्टि होने पर विधिवत जब्ती 3.940 किलो, कीमत 39 हजार जब्त कर धारा 20 बी,29



एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

डि ली व री डिटेल प्राप्तकर्ता का पता बलौदाबाजार लवन एवं एक मोबाइल नंबर दर्ज होना लेख पाया गया। उक्त मोबाइल नंबर का तकनीकी विश्लेषण पर आरोपी मोबाइल नंबर धारक 21 वर्षीय राकेश साहू की पतासाजी करते हुए उसे हिरासत में लिया गया। आरोपी से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा अपने एक अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा खरीदना तथा गांजा खरीदी बिक्री करने हेतु अपने मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाना स्वीकार किया गया। उक्त मोबाइल नंबर को आरोपी राकेश साहू से जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# धीवर दंपत्ति ने स्कूल में बांटे जूता, मोजा टाई और बेल्ट, गुरुजनों का किया सम्मान

**पलारी**। ग्राम गोंडा के निवासी एवं समाजसेवी रामप्रसाद धीवर और उनकी पत्नी राजकुमारी धीवर ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गोंडा में लगभग 170 बच्चों को जूता, मोजा, टाई एवं बेल्ट का वितरण किया। साथ ही प्राथमिक शाला के कुशल शिक्षक खेमराज वर्मा का विदाई सम्मान कार्यक्रम भी रख गया था। वे लगातार 15 वर्षों से शिक्षकीय कार्य के रूप सेवा दे रहे थे। सभी उपस्थिति अतिथियों द्वारा सम्मान विदाई दी गई। विदित हो कि इस धीवर दंपत्ति वर्षों से इस विद्यालय के बच्चों को यह वितरण किया जा रहा है। रामप्रसाद धीवर बोर पंप मैकेनिक है जबकि राजकुमारी धीवर पेशे से



शिक्षिका है। धीवर का उद्देश्य अपने आय के 25 प्रतिशत राशि का उपयोग ऐसे ही सामाजिक, जनकल्याणकारी जरूरतमंदों के कार्य में करने का है।

इस कार्यक्रम में ग्राम के विद्यालय से पढ़कर पुलिस विभाग में 14 कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया था जिसमें बतौर अतिथि हीरालाल मनहरे सेवानिवृत्ति प्रधान आरक्षक, नरेंद्र सोनीनगर सैनिक, निकेश्वर वर्मा नगर सैनिक, राजू साहू, नगर सैनिक, शामिल हुए।

इस अवसर पर पुनीत राम साहू, भकला राम वर्मा , बगस राम मनहरे ग्राम पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, भागीराम धीवर, खिलेंद्र साहू, दयालु वर्मा, डीके साहू प्राचार्य, रूपेंद्र साहू, सुरेश साहू, मुरली साहू, बोधन भारद्वाज, अश्वनी वर्मा पंच, पुरुषोत्तम धीवर पंच, रामप्रताप मनहरे आदि उपस्थित थे।

# गबौद स्कूल में हुआ संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

संकुल सुन्द्रावन के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गबौद में कसडोल विधायक संदीप साहू के उपस्थिति में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक और प्रांताध्यक्ष संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ विक्रम राय ने उद्घाटन भाषण दिया। संकुल की दर्ज संख्या और शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया। संकुल के शिक्षकों को नवाचार और पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए योगेश चंद्राकर,पूनम दर्रो, ज्योति चौहान, भवानी चंद्राकर और दिलीप




वर्मा को संकुल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक का पुरस्कार मिला। पांचवी, आठवीं और दसवीं में संकुल में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल और कलम देकर सम्मानित किया गया। स्कूल से पदोन्नत होकर और युक्तियुक्तिकरण में अतिशेष होने के कारण स्कूल से अन्य विद्यालय गए शिक्षकों को संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान दिया गया। संकुल से महेश्वरी वर्मा, सोनू सिंह राजपूत, भेखलाल साहू, तुलाराम मनहरे, संजय चंद्राकर, रजत टोप्पो और नरेंद्र मानिकपुरी को मोमेंटो, श्रीफल, साल, गुलदस्ता और कलम देकर सम्मान से विदाई दी गई। नव प्रवेशी छात्रों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक देकर शाला प्रवेश कराया गया। साथ ही उन बच्चों को गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। नववीं के छात्रों को साइकिल वितरण भी किया गया। एक पेड़ मां के नाम से शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जनपद सदस्य टिकेश्वरी नरेश वर्मा और कृष्णा आजाद, सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी सतीश महेश्वरी, नीलकमल आजाद, सरपंच चांदनी जायसवाल, उप सरपंच पंकज घृतलहरे, सुभाष घृतलहरे, पूर्व सरपंच नानक वर्मा, मनोहर धृतलहरे, विष्णु बंजारे, बालूराम वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगरवासियों को दिया स्वच्छता का संदेश

# मुरुम तालाब की जनप्रतिनिधियों ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय मुरुम तालाब में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ 1 से 31 जुलाई तक स्वच्छता रखने का संदेश देने महत्वपूर्ण कार्य योजना के अनुरूप नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयास से स्थानीय मुरूम तालाब में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रातः सफाई कार्य करते हुए श्रमदान किया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित पार्षदगणों व स्वच्छता कर्मचारी मणिकंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों ने सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर



सहयोग करते हुए श्रमदान किया गया। मुरूम तालाब के चारों तरफ उगे खरपतवार एवं कटीली झाड़ियां की सफाई के साथ आस पास फैले कचरे की सफाई की गई एवं बारिश के पानी जमाव वाले स्थान पर मलबा डालकर समतलीकरण का कार्य किया गया।

इस स्वच्छता कार्यक्रम में पार्षद अमितेश नेताम, हरजीत सिंह सलूजा, लोकेश चेलक सतीश पटेल, जितेंद्र डड़सेना, मनोज कांत पुरैना, शेखर गुप्ता आदित्य गुप्ता, कन्हैया सेन, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रविंद्र नामदेव, गोविंद पात्रे, रवि फेकर,डॉ प्रो. जय नारायण केशरवानी, सहित नगरपालिका के उपअभियंता विनोद यादव, मुग़लकिशोर साहू, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, शतेन्द्र सिन्हा, सुरेन्द्र सोना, गणेश पाड़े, अमित वर्मा, हितेश वर्मा, पीआईयू नमिता ठाकुर, एपीएम कुलदीप यादव सहित नगरवासी उपस्थित थे।



# निगम से मिलने वाले पानी और खाद्य पदार्थों की जांच कराये प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

बारिश का मौसम शुरू होते ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं शहर में खुले रूप से खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है, जो कि बीमारियों का मुख्य कारण है। इसके अलावा बारहों माह हर सीजन में खुले रूप से बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए कि ग्राहकों को क्या खिलाया जा रहा है और जो पानी पीने के लिए दिया जाता है वह भी साफ है कि नहीं। इसकी जांच होनी चाहिए, जिस टंकी से पानी पिलाया जा रहा है, वहां पर बराबर क्लोरीन, फिटकरी डाली जा रही है कि नहीं, क्योंकि इस मौसम में बेकटिरिया काफी सक्रिय रहते हैं और इतनी जल्दी पनपते हैं कि इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। वहीं जिले के खाद्य एवं औषधि विभाग को इन जगहों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थ पानी की शुद्धता की जांच नियमित रूप से उनके द्वारा की जानी चाहिए, क्योंकि बारिश के बाद गंदगी का असर सीधे पानी तक पहुंचता है। शहर के पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास आडिल का कहना है कि बाहर के खाद्य पदार्थ को खाने से बचने की कोशिश करें, वहीं कहीं का कोई भी पानी पीने से बचें, ज्यादा से ज्यादा साफ पानी पीयें। इन दिनों ओपीडी में रोज पेट की समस्या व सर्दी खांसी के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि यहां के जितने भी होटल, रेस्टोरेंट हैं, उनको इस मौसम में सफाई शुद्धता का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि ग्राहक भरोसे से उनके होटल में खाने के लिए जाता है।

## बरसात के मौसम में तेजी से फैल रहे जल जनित रोग




### वर्चुअल बैठक में पानी की शुद्धता विशेष ध्यान देने की बात कही

इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. राजेश अवस्थी का कहना है पानी की टेस्टिंग हर गांव, नगरपालिका क्षेत्र में होनी चाहिए और जो भी संसाधन से पानी आता है, वहां पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध क्लोरिन की टेबलेट पानी में डालना चाहिए, ताकि पानी साफ हो। वहीं इस मौसम में जल जनित रोग तेजी से फैलते हैं। प्रयास यही होना चाहिए कि ताजा खाद्य पदार्थ ही खाया जाय। डॉ. अवस्थी ने यह भी कहा कि जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, मितानिनों, को वर्चुअल बैठक में पानी की शुद्धता विशेष ध्यान देने की बात कही। पानी को उबालकर कर पीयें, कम से कम बारिश के सीजन में दो माह इसका विशेष ध्यान रखें, क्योंकि हर कोई आरओ फिल्टर तो लगा नहीं सकता, इसलिए अपने स्वास्थ्य व बीमारी से बचने के लिए इसका ध्यान रखना आवश्यक है। ताजा नाश्ता भोजन के साथ साथ बारिश होने पर मच्छर मक्खी पनपने लगते हैं, इसलिए अपने घरों के साथ-साथ अपने आसपास भी सफाई का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप



### सहकारी समिति सिमगा में 70 पौधे रोपे गए

**सिमगा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिमगा में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत 70 विभिन्न प्रजाति के पौधों रोपे गए। इसमें करंज, शीशम, गुलमोहर, प्लेटफार्म, कटहल, जामुन, जाम, मेंहदी, आदि का रोपण किया गया, जिसमें प्राधिकृत अध्यक्ष छोटे लाल यदु, समिति प्रभारी मंजुला शर्मा सहित समिति के कर्मचारीगण सोहन लाल साहू, रामसनेही यादव, राजकुमार कोसले, नीलकमल निषाद, लखन यदु, विष्णु प्रसाद बंजारे, नारायणी शर्मा, रेशमी भट्ट, अवध यादव, अमित भट्ट ने पौधारोपण किया।

### प्रतिभावान छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना



**अर्जुनी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 जुलाई को भारतीय मानक ब्यूरो के सौजन्य से विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों का चयन कर बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान केंद्र रायपुर के लिए रवाना किया गया। इसमें विद्यालय के 27 छात्र-छात्राएं भ्रमण के लिए गए। इस अवसर पर प्राचार्य खूबचंद सरसीहा, नरेंद्र शर्मा, रवि सोनी, सुनीता साहू के साथ जनपद सभापति वेदेश्वरी, त्रिलोक यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन में पेंशनर संघ भी होंगे शामिल

**महासमुंद।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर फोरम के संयोजक अशोक गिरि गोस्वामी ने संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई को ब्लॉक व जिला स्तर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी प्रकार 22 अगस्त को एक दिवसीय आंदोलन आयोजित है। जिसमें पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद भी आंदोलन में शामिल होंगे। पेंशनरों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा की सुविधा एवं 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पांच प्रतिशत पेंशन वृद्धि 70 वर्ष की आयु में पूर्ण करने पर 10 प्रतिशत एवं 75 की आयु पूर्ण करने पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत करने की मांग की गई है।

### निधन

#### फिरतिन बाई मानिकपुरी



**मुंडा।** ग्राम जुड़ा निवासी फिरतिन बाई मानिकपुरी 75 वर्ष का निधन हो गया। वे साहेब दास मानिकपुरी, रामबाई मानिकपुरी के माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। सामाजिक जन भारी संख्या में सम्मिलित हुए।

## पर्व : महिला व पुरुष सावन में शिव की पूजा करने पहुंचे

# सावन में मंदिरों में हो रहे हैं विविध अनुष्ठान, श्रद्धालुओं का सुबह-शाम तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शिव अराधना का पवित्र सावन महीना शुक्रवार को प्रारंभ होते ही अल सुबह से नगर के शिवालय व बालाजी दरबार में स्थापित नर्मदेश्वर महादेव मंदिरों में घंटी व शंखनाद सुनाई देने लगे। बड़ी तादाद में महिला व पुरुष सावन में शिव की पूजा करने पहुंचे। हिंदू धर्म में सावन का महीना अत्यंत पावन एवं शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार सावन मास में समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें कालकूट विष निकाला, जब देवता और असुर इस विष से खबरा गए तब भगवान शिव ने पूरी मानवता की रक्षा के लिए उसे पी लिया। इस दौरान उन्हें बहुत गर्मी एवं जलन हुई, जिसे सहन करने के लिए देवताओं ने गंगाजल, बेलपत्र और दूध अर्पित किया। पंडित धनंजय शर्मा ने बताया कि सावन मास में शिवलिंग पर जल और दूस चढ़ाने की परंपरा है। भक्त मानते हैं कि सावन में भगवान शिव जल्द ही प्रसन्न होते हैं। सावन में हर सोमवार को व्रत रखा जाता है, जो शिव भक्ति का प्रतीक है। इस महीने में कांवड़ यात्रा की जाती है। भक्त गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। विवाहित महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं अपने पति या भविष्य के जीवन साथी की लंबी उम्र एवं सुख की कामना करती है। सावन के महीने में प्रकृति महत्व भी है।



### शिवालयों में गूंज रहा ओम नमः शिवाय

**पलारी।** श्रावण मास आरंभ हो गया है। श्रावण मास तक शिव भक्त और कावरिया दल पलारी के ख्याति प्राप्त सिद्धेश्वर मंदिर में विराजे शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इस दरम्यान मंदिर परिसर में मेले जैसा माहोल रहता है इसके अलावा क्षेत्र जारा के शिव मंदिर, अमेठी में शिव मंदिर, बांसबिनौरी स्थित शिव मंदिर में दूर दराज के कांवरिया दल जलाभिषेक करने आते हैं। गौरतलब हो कि इस श्रावण मास में 4 सोमवार पड़ेंगे। इस बार सावन के पहले ही दिन एक विशेष योग बन रहा है, जिसे शिववास योग कहा जाता है। इस शुभ संयोग में भगवान शिव माता पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर विराजमान रहेंगे।



## सर्व ब्राह्मण समाज का मानस पाठ प्रारम्भ

**बलौदाबाजार।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मास परायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जो की पवित्र सावन के एक माह तक चलेगा। पं. चंद्रहास पांडेय द्वारा रामचरित मानस पाठ शाम 4 से 5 बजे तक प्रतिदिन एक पाठ किया जा रहा है। पं. वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका में प्रतिदिन पाठ किया जा रहा है, इसमें सभी वर्ग जाति के लोग भाग ले सकते हैं। यह पाठ सभी धर्म प्रेमियों के लिए किया जा रहा है पूरे एक माह सावन तक पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, सुशील तिवारी, नारायण शुक्ला, राजकुमार तिवारी, शिव, नरेश मिश्रा, राजीव लोचन शुक्ला विष्णु धर दीवान, मनोज दुबे, छवि श्याम दुबे, प्रमोद शुक्ला, सुरेंद्र वाजपेई, तरण ठाकुर, चंद्रराज पांडे, संजय शर्मा, आशुतोष शर्मा, अलका शर्मा, ऋचा द्विवेदी, श्रद्धा मनोज दुबे, ममता शुक्ला, कीर्ति शर्मा, अनामिका मिश्रा, पीयूष मिश्रा, स्वाति मिश्रा, तारा बाजपेई शुक्ला स्वाति पांडेय, नेहा बाजपेई, करुणा दुबे, प्रभा तिवारी, सरस्वती तिवारी, कल्पना मिश्रा, उक्त पाठ में शामिल हुए।



# गुरु पूर्णिमा पर छात्रों ने किया महामृत्युंजय का जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला



सत्यम पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने महामृत्युंजय मंत्र एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण कर वातावरण को आध्यात्मिक कर दिया। आए हुए अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं। बच्चों ने अपने शिक्षकों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे गुरु-शिष्य परंपरा की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि जीवन में प्रथम गुरु मां होती हैं, फिर पिता और फिर शिक्षक जो हमें जीवन पथ पर आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। इस अवसर पर पूजन विधि, शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। बच्चों को माता-पिता के सम्मान एवं गुरु के महत्व से संबंधित शिक्षाप्रद कहानियां सुनाई गईं। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच निरंजन वर्मा ने बच्चों को जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं गायत्री मंदिर के प्रमुख रोमनाथ वर्मा ने बताया गुरु पूर्णिमा जो है अनुशासन का पर्व कहलाता है।

### गुरु पूर्णिमा पर मनाई गई वेदव्यास की जयंती

**भाटापारा।** गुरु पूर्णिमा वेदव्यास की जयंती आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज के सानिध्य में मनाई गई। इस अवसर पर सनातन परंपरा प्राप्त आचार्य गुरु चरणों का पूजन आराधना के साथ भजन संकीर्तन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं सत्संग का कार्यक्रम हुआ। शास्त्री ने गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया गुरु देवता दानव मानवसभी के लिए आवश्यक है। गुरुकुल पद्धति की आवश्यकता है, जिसमें हमारा जीवन सदाचार संयम सद्भाव सात्विकता से पूर्ण हो, इसकी आज अधिक आवश्यकता है। इस अवसर पर अनिल चांडक, वीरेंद्र, नरेश शर्मा, रवि गुप्ता, मदन अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, कममु सोनी, हरिकिशन गट्टानी, नरेश अग्रवाल, धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के सदस्य एवं धर्म प्रेमी भक्त वृंद बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## मिडिल स्कूल में एसएमसी का गठन, इतवारी बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ग्राम पंचायत सिंगारपुर के मिडिल स्कूल में एसएमसी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से इतवारी जांगड़े को अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष इतवारी जांगड़े ने बैठक में उपस्थित सभीजनों का आभार व्यक्त किया और बताया की डॉ. दिलहरण देवांगन को उपाध्यक्ष बनाया गया, कोषाध्यक्ष रूपेश मारखंडे, सचिव संतोष वर्मा और सदस्य के रूप में गौरीशंकर चक्रधारी, दिनेश साहू, धीरेंद्र दुबे, विजय देवांगन, सुकृता यदु, आशा बांधे, मोंगरा ध्रुव, संगीता बघेल, त्रिवेणी बांधे, संगीता मनहरे, हर्ष यदु, केकती साहू, सरला शर्मा सभी को एसएमसी में जगह मिली। गठन के पश्चात मध्यान भोजन गुणवत्ता की जांच की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कनक मनहरे उपस्थित रहे, जिसके सानिध्य में शाला विकास समिति का गठन किया गया।

## छात्रों को बांटे गए गणवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ संकुल रोहिना में बच्चों को एक-एक जोड़ी गणवेश वितरण किया गया। शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाले निःशुल्क गणवेश इस बार नये रंग में दिखाई दिये। बरसों बाद स्कूलों में वितरीत किए जाने वाले निःशुल्क गणवेश को बदला गया है। चेक शर्ट, ग्रे रंग की पेंट दी जा रहा हैं, जिसे पालक, बच्चे पसंद किए। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी के 11 बालक, 10 बालिकाओं को एक-एक जोड़ी गणवेश वितरण किया गया। प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा हमें प्रति दिन शाला गणवेश में विद्यालय आना है, क्योंकि इससे हमारे जीवन में अनुशासन और अनुकरण की भावना जागृत होगी।



## सागर हायर सेकंडरी के शिक्षकों ने जाना पढ़ाई कराने का तरीका



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

सागर हायर सेकंडरी स्कूल भटगांव में शिक्षकों का प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि मधु मैडम एवं विद्यालय के संचालक डॉ. दीपक कुमार डनसेना थे। इस दौरान सभी शिक्षिकाओं को बच्चों को कैसे पढ़ना है। इसका प्रशिक्षण दिया गया। इसमें खेल विधि आगमन निगमन विधि सरल से कठिन विधि द्वारा शिक्षण देना और शिक्षक को मधुर सरल सहज रहने की के बारे में बताया। बच्चे कैसे ज्यादा से ज्यादा सीखे इसके बारे में बहुत अच्छे तरीके से बताया गया। मैडम ने इस बात पर जोर दिया अच्छे शिक्षक बनने से बढ़िया अच्छा इंसान बनना चाहिए। इस प्रशिक्षण से विद्यालय के शिक्षकीय कार्य बहुत ज्यादा उत्प्रेरित रहा। सभी टीचर मैडम के प्रशिक्षण से मोटिवेट हुए। इस प्रशिक्षण में प्राचार्य प्रेम साहू, राजेंद्र, खगेश निराला, किशोर, अमित, केतन, फलेंद्र,रवि, पूनम, लता, दीक्षा, कंचन, ज्योति, नेहा, गीता, अनीशा, काजल मैडम उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## बारिश के मौसम में पानी उबालकर पीनी चाहिए

# छात्रों को बाढ़ और उसके खतरे से बचाव के बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया गया कि बाढ़ क्या है? बाढ़ के खतरों से कैसे बचा जा सकता है? जब हमारे आस-पास लगातर लंबे समय तक घनघोर बारिश होता है तब चारों ओर जल मग्न हो जाता है, पानी भूमि की ढलान की ओर बहता है, जिससे नाले नदियों में पानी का उफान आता है इसे बाढ़ कहते हैं। बाढ़ के समय हमें नालों और नदियों के आस पास नहीं जाना चाहिए। बाढ़ के समय आस-पास गंदगी बढ़ जाने के कारण डायरिया फैलने की संभावना ज्यादा होती है, क्योंकि पीने के पानी प्रदूषित हो जाता है। अतः हमें पानी उबालकर पीनी चाहिए, दस्त होने पर रोगी को ओ आर एस का, नारियल का पानी, चावल का माड़ देना चाहिए और पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए। बाढ़ से संबंधित खतरों से बचाव की तैयारी हमें पहले से कर लेना चाहिए। हमारे कीमती कागजात, आधार कार्ड, पैनकार्ड, फोटो पहचान पत्र, बैंक पास बुक, जमीन के दस्तावेज घर के ऊंचे आलमारी में रखना चाहिए। यदि बाढ़ के समय घर से बाहर जाना जरूरी भी हो जाय तो नाले व नदियों की गहराई जाने बिना पानी में नहीं जाना चाहिए। हम बाढ़ के खतरों से अपना व अपने आस-पास के लोगों का बचाव कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में हेमकुमरी साहू, चरित कुमार ध्रुव, संजय बंछोर व मीनाक्षी सिरमौर उपस्थित रहे।



### माध्यमिक शाला में हुआ सुरक्षित शनिवार का आयोजन

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा-नेवरा संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को प्राकृतिक आपदा, विशेषकर बाढ़ एवं अन्य संभावित खतरों से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों में क्या करना चाहिए, इसकी व्यावहारिक जानकारी सहज एवं सरल भाषा में प्रदान की। इस जागरूकता अभियान को प्रभावशाली बनाने में विद्यालय के समर्पित शिक्षकों – तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे एवं भारती तांती का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से कार्यक्रम न केवल शिक्षाप्रद बल्कि रोचक भी बन सका। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी व्यवहारिक शिक्षा भी दी जा रही है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रही है।

